<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>कृषक प्रशिक्षण एवं पशु स्वास्थ्य शिविर आयोजित</u>

पंतनगर विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ द्वारा वित्त पोषित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, की अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना–फ्रिजवाल के अन्तर्गत सितारगंज के ग्राम बिजटी एवं केलाखेड़ा के रामनगर, में अलग–अलग स्थानों पर कृषक प्रशिक्षण एवं पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा, डा. एन एस जादौन एवं निदेशक शोध, डा. अजीत सिंह नैन, द्वारा किया गया। शिविरों में कुल 30 बछियों का स्वास्थ्य निरीक्षण कर उपचार किया गया।

शिविर में बछियों का स्वास्थ्य निरीक्षण एवं उपचार पशु वैज्ञानिकों द्वारा किया गया। शिविर में परियोजना अधिकारियों द्वारा परियोजना के उद्देश्य एवं इससे पशु पालकों को मिलने वाले लाभों की जानकारी दी गयी। शिविर में अधिकारियों द्वारा पशुपालकों को पशुपालन के सभी तकनीकी आयामों को अपनाकर उन्नत पशुपालन करने का सुझाव दिया। प्रशिक्षण का संचालन परियोजना अधिकारी डा. चन्द्र भान सिंह एवं धन्यवाद प्रस्ताव उप परियोजना अधिकारी, डा. संजय चौधरी द्वारा किया गया। गौपालको का पंजीकरण शिवांशु तिवारी एवं अराधना फुलार द्वारा किया गया। शिविर में 52 पशुपालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

शिविर में पशु पालकों को जानकारी देते पशु वैज्ञानिक।